## विद्युत चोरी को लेकर 11 लोगों पर मामला दर्ज

**मरकच्चो(आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची के शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर प्रखंड के विभिन्न गांव में छापेमारी गठित दल के द्वारा विद्युत चोरी का एवं अधिक बिल बकाया को लेकर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान 11 लोगों पर मरकच्चो थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी हो कि छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता डोमचांच पंकज कुमार मेंहरा, विद्युत प्रशाखा मरकच्चो बज्र किशोर यादव, प्रधान सारणी पुरुष, विद्युत अभियंता प्रशाखा डोमचांच सुरेन्द्र यादव, विद्युत अभियंता प्रशाखा डोमचांच चेतलाल महतो, विद्युत कनीय अभियंता भामा पद टूडू के दल ने मरकच्चो प्रखंड के नावाडीह एवं लालगढ़ में छापेमारी कर रामेश्वर राम, विजय साव, वसीम अकरम, प्रकास साव, संतोष साव नावाडीह एवं नारायण यादव, सुखदेव यादव, मुरारी ठाकुर, भुनेश्वर यादव, अशोक राणा, रामचंद्र राणा लालगढ़ सभी पर लगभग सत्तर हजार का जुमार्ना लगाया गया है। वहीं कनीय अभियंता भामा पद टुडू के द्वारा मरकच्चो थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## वीएसजी ब्लू ने द अप्रिशिएबल क्लब को 126 रन से हराया



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे रमेश प्रसाद यादव मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में गुरुवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में बीएसजी ब्लू और द अप्रिशिएबल क्लब के बीच मैच खेला गया। डेप्रिसिएशन क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसजी ब्लू ने 28 .5 ओवर में 10 विकेट खोकर 223 रन बनाये। जिसमें सूरज कुमार पांडेय 57, चंदन कुमार 30 और दीपु कुमार ने 28 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुये द अप्रिशिएबल क्लब की ओर से विकास कुमार 4, अनिल यादव और रंजित कुमार ने दो दो विकेट लिये । बाद में बल्लेबाजी करने उतरी द अप्रिशिएबल क्लब 24 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 97 रन बना सकी। जिसमे पीयूष कुमार 23 और रंजित कुमार ने 18 रन बनाये। गेंदबाजी करते हुये बीएसजी ब्लू की ओर से सूरज कुमार पांडे 5, मोहित कुमार और मो. शाहबाज ने दो दो विकेट लिये। मैन ऑफ द मैच बीएसजी ब्लू के सूरज कुमार पांडे को केडीसीए पदाधिकारी सुमन कमर ने दिया। मैच में अंपायर सपन कुमार और आशीष यादव तथा स्कोरर रवि यादव थे।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ ने संत गाडगे जयंती मनायी

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला कमिटी कोडरमा ने गुरुवार को धोबी भवन जयनगर मे संत शिरोमणि संत गाडगे बाबा की 147वीं जयंती धूमधाम से मनायी। जयंती के पूर्व संत शिरोमणि गाडगे जी महाराज एवं देश रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वही एक गोष्ठी की गई, जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय धोबी महासंघ के जिला अध्यक्ष खगेंद्र राम ने व संचालन दुर्गाप्रसाद राम ने किया। मौके पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बासुदेव धोबी, कैलाश रजक, पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेश रजक, पूर्व जिला अध्यक्ष एम चद्रा, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश रजक, सचिव प्रदीप रजक, पवन रजक, अर्जुन रजक, इंद्रदेव राम, सीताराम रजक, भारत प्रसाद रजक, गजाधर राम, महेंद्र राम, दशरथ राम, दीपक कुमार, सुनील कुमार, अजय कुमार, अक्षय कुमार, मनोज रजक, प्रदीप राम, सुनीता देवी, रिंकी देवी, सीमा देवी, कर्मी देवी आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन सीताराम रजक ने किया।

## डीटीओ ने वाहन जांच अभियान चलाया

कोडरमा(**आजाद सिपाही**)। जिला परिवहन पदाधिकारी भगीरथ प्रसाद के नेतृत्व में जयनगर मोड़ के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में 5 मोटरसाइकिल को मोटर यान अधिनियम के विभिन्न धाराओं के उल्लंघन करने के संबंध में जप्त किया गया। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा दल के कर्मी मौजूद रहे।

## कृषि योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया

कोडरमा(**आजाद सिपाही**)। जिले के किसानों व ग्रामीणों को बेहतर खेती करने, फसल के उत्पादन बढ़ाने के साथ साथ राज्य सरकार की कृषि क्षेत्र के महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। गुरुवार को कृषि विभाग कोडरमा की टीम व स्वावलंबन गांव के टीम के द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक करके सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही सिंचाई योजना की जानकारी दी गयी। जिला कृषि विभाग के टीम के द्वारा टपक सिंचाई योजना समेत कयी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी।

## सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 33689 बेटियों के खुले खाते

झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)। डाक विभाग समाज के अंतिम पायदान तक के लोगों को जोड़ने में लगा है और इसका क्रेज भी तेजी से बढ़ रहा है। बैंक की तरह सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसमें देश भर में 10 लाख 86 हजार 575 खाते खुले। जिसमें झारखंड में 33689 खाते तथा कोडरमा में 1278 खाते खोले गये। इसमें बेटियों के लिए अविभावक इस अभियान में आगे आये। 250 रुपये से महज खाता खोला गया। खाते में प्रति माह धन राशि जमा करने की कोई अनिवार्यता नहीं होती है। खाते में 50 के गुणक में एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 250 रुपये तथा अधिकतम 1.5 लाख रुपये की राशि जमा की जा सकती है। यह बेटी के बड़े होने पर उसकी पढ़ाई या शादी के लिये अविभावक निकाल सकते हैं। इसमे प्रति माह एक हजार रुपए जमा करने पर बेटी के बड़े होने पर 5,10373 रुपए, दो हजार रुपए जमा करने पर 10,20,744 रुपए तथा प्रति माह पांच हजार रुपए जमा करने पर बेटी के बड़ी होने पर 25,51855 रुपए डाक विभाग से मिलेगा। इधर कोडरमा के डाक निरीक्षक अशोक मंडल ने बताया कि कोडरमा जिले के 108 डाकघरों में 9 और 10 फरवरी को 1278 खाते खोले गये। वहीं सहायक डाक अधीक्षक, रांची संजय संगम ने बताया कि पूरे राज्य में 33689 खाते खोले गये जिसमें हजारीबाग प्रमन्डल के अंतर्गत कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा में 6255 खाते कर प्रथम स्थान पर रहा। जबकि दूसरे स्थान पर सिंहभूम 5004, तीसरे स्थान पर पलामू 4907 तथा चौथे स्थान पर रांची 4825 खाता खोला।

## पानी कनेक्शन में मोटर लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** पानी कनेक्शन लेकर उसमें मोटर लगाने वालों पर कार्रवाई होगी और मोटर पाए जाने पर जुमार्ने की राशि 25 हजार देना होगा। झुमरीतिलैया के प्रशासक विनीत और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर द्वारा आम सूचना जारी कर कहा गया है कि जिनका कनेक्शन से लीकेज है, जिसके कारण पानी बर्बाद हो रहा है अविलंब ठीक करा लें। साथ ही अगर कोई उपभोक्ता मोटर लगाकर पानी ले रहा है तो अविलंब हटा लें अन्यथा पकड़े जाने पर आर्थिक दंड के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि कनेक्शन में वॉल भाल्व अवश्य लगाएं ताकि व्यर्थ पानी ना बहे।

### भवनों का फायर सेफ्टी ऑडिट करने के लिए उपायुक्त ने की बैठक

# आगजनी से निपटने के लिए एक्शन प्लान बनाने पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** उपायुक्त की अध्यक्षता में गुरुवार को फायर सेफ्टी ऑडिट, फायर फाइटिंग उपकरण अधिष्ठापन को लेकर बैठक हुयी। बैठक में हाल ही धनबाद में हुई हृदयविदारक आगजनी की घटना के मद्देनजर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्राथमिकता के आधार पर जिले के सभी सरकारी कार्यालयों सिनेमा अस्पताल, विद्यालय, फैक्ट्री, आवासीय भवन, होटल इत्यादि का फायर सेफ्टी ऑडिट करना सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया है। इसी आलोक में उपायुक्त ने सभी भवनो में लगे अग्नि सुरक्षा उपकरण, बेसमेंट, सीडी आदि की जांच कर आगजनी से निपटने के लिए जिला स्तर पर प्लान बनाकर उच्च न्यायालय को भेजने की बात कही। उपायुक्त ने अग्निशमन सेवा से निर्गत होने वाले अग्नि सुरक्षा सलाह, अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र और अग्नि सुरक्षा अनापत्ति नवीनीकरण सिंगल विंडो के माध्यम से ऑन लाइन प्राप्त किये जाते हैं। इसके लिए झारखंड सरकार के बेबसाइट www.advantsge-jharkhand.gov.in आवेदन किया जा सकता है। प्रथम आवेदन फायर एडवाइजरी के लिए किया जाना है, जिसमें भवन व जमीन से संबंधित संपूर्ण विवरिणी, वैध भवन प्लान एवं अन्य जानकारी शामिल है। बैठक के दौरान ऑयसिस स्कूल द्वारा विधालय भवन का गलत तरीके से फायर एनओसी लेने के गंभीर मामले पर फायर डिपार्टमेंट द्वारा सम्बंधित पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से समाहरणालय भवन में लगे अग्निशमन उपकरणों का उपयोग आपातकालीन स्थिति कर सकें इस बाबत फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट को मॉक ड्रिल करने का आलावा, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, एसडीओ सदर विद्या भूषण कुमार, एसडीओ बरही पूनम कुजूर, सभी अंचलाधिकारी, नगर प्रबंधक व अन्य मौजूद थे।

## व्यवस्था चौपट, दर्जनों चापाकल खराब, इस गर्मी कैसे बुझेगी प्यास

मकबुल अंसारी



**चरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड एंव कोयलांचल बरगहींया के तापमान में लगातार बढ़ोतरी के साथ गर्मी की दस्तक शुरू हो गयी है। शहर समेत पूरे प्रखंड का आठो पंचायत में जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। तालाब-कुएं सूखने के कगार पर हैं। दर्जनों से अधिक चापाकल खराब पड़े हैं। वहीं दूसरी ओर पेयजल और स्वच्छता विभाग की मनमानी की वजह से टेंडर प्रक्रिया अटकी पड़ी है, जिससे अब तक खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत शुरू नहीं हुयी है। संसाधन के अभाव में विभाग साधारण मरम्मत कर दे रहा है और कुछ दिनों में ही ये फिर से खराब हो जा रहे हैं। लंबे समय से आपूर्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होने की वजह से नोटर राइजर जैसे महत्वपूर्ण सामान नहीं हैं ज्ञात हो कि वर्ष 2022 के मॉनसून सीजन में हजारीबाग जिले में सामान्य से 332.8 मिलीमीटर कम बारिश हुयी है। जलाशयों का जलस्तर अभी से ही नीचे जाने लगा है। यही हाल अंडरग्राउंड वाटर टेवल का भी है। यदि इसी तरह जलस्तर नीचे जाता रहा तो मई-जून तक जिलावासियों को पानी की भारी किल्लत सहनी पड़ेगी। छोटे छोटे तलाब कुआं का जल स्तर ठंड के मौसम में कम होने लगा लेकिन गर्मी के दिनों में जब पानी की मांग बढ़ेगी, तब पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की असली परीक्षा शुरू होगी। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, चुरचू अभियंता से इस संबंध में टेलिफोन पर बात करने के लिये कोशिश किया गया लेकिन बात नहीं हो सका।

## होंडा के नये स्कूटर एक्टिवा एच स्मार्ट की झुमरीतिलैया में लॉचिंग

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** दो पहिया वाहन निमार्ता कंपनी होन्डा कपंनी के द्वारा निर्मित होन्डा का नया स्कूटर एक्टिवा एच स्मार्ट का लॉचिंग गुरूवार को नगर पंचायत कोडरमा के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश सिंह उर्फ राजु भैया ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकास एवं घरेलू काम काज तथा कार्यालय आने जाने में वाहनों की आवश्यकता बढी है और ऐसे में होन्डा भी लोगों को नयी-नयी वाहनों को उपलब्ध करा रहा है। सामांतो होन्डा कंपनी के प्रबंधक आन्नद सामांतो ने कहा कि होन्डा के द्वारा एक्टिवा एच स्मार्ट कुछ दिन पूर्व भारत में लांच किया गया ।

## श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 11 मार्च से होगा प्रारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**दारू(हजारीबाग)।** दारू थाना के बगल में नवनिर्मित शिव मंदिर की परिसर में एक बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने किया । इस बैठक में श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा के लिए एक भव्य यज्ञ के आयोजन करने का निर्णय लिया गया। यज्ञ के सफल संचालन के लिये पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें संगरक्षक थाना प्रभारी अमित कुमार, सह संरक्षक दिलीप प्रसाद,अध्यक्ष वसंत नारायण उपाध्यक्ष राजन सिन्हा सचिव सुनील कुमार उर्फ भोला उपसचिव विकास यादव कोषाध्यक्ष बलदेव बाबू सह कोषाध्यक्ष रौशन सिन्हा को बनाया गया। यज्ञ समिति के कार्यकारिणी में सभी पंचायत के मुखिया सहित के 21 लोगों को रखा गया है। इस बैठक में मौजूद लोगों के द्वारा यह निर्णय लिया की 11 मार्च शनिवार से कलश यात्रा के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ किया जायेगा। वही 11 मार्च से शनिवार से 13 मार्च सोमवार तक चलेगा। वही 11 मार्च शनिवार को कलश यात्रा 12 मार्च को वेदी पुजन, अग्नि स्थापन नगर भ्रमण, 13 मार्च सोमवार को मंगल स्नान, प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूर्णाहुति भंडारा के साथ समापन होगा। मौके पर मौजूद अनिता देवी, प्रभात सिंह, मनोज कुमार, राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, अजित कुमार, भोला प्रसाद, बिजय मोहन, रंजित कुमार, महाबीर यादव, विक्की कुमार, कैलाश कुमार, अविषेक, मोहम्मद फारुखउद्दीन, भैरव कुमार, मनोज मंडल, दिनेश सोनी, सहित कयी लोग मौजूद थे।

## महायज्ञ को लेकर कल निकलेगी भव्य कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** इचाक मोड़ स्थित दुर्गा नगर में दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचण्डी महायज्ञ को लेकर कल मंदिर प्रांगण से भव्य रूप से कलश यात्रा निकलेगी। कलश यात्रा में हजारों महिला पुरुष शामिल होंगे। यह आयोजन 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगा। उसके बाद 26, 27 और 28 फरवरी को भजन मंडली द्वारा भजन एवं प्रवचन कार्यक्रम, वेदी पूजन, मण्डप पूजन, आरती, भोग वितरण एवं रात्रि में साध्वी गंगा मिश्रा ग्रुप (वृंदावन) द्वारा प्रवचन कार्यक्रम होगा। 1 और 2 मार्च को वेदी पूजन, मंडप पूजन, हवन, आरती अन्नाधिवास एवं रात्री में स्वामी सीताराम शरण (चित्रकुट) एवं बाल विदुषी लाड़ली शरण (वृन्दावन) के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम होगा। 3 मार्च को वेदी पूजन, मण्डप पूजन, हवन, नगर भ्रमण, शैयाधितास महान्यास आरती, भोग एवं रात्रि में बाली ठाकरे एवं रिजा खान ग्रुप (मध्य प्रदेश) के द्वारा भक्ति जागरण होगा। यज्ञ मंडप के बगल में बनाया जा रहा भव्य पंडाल यज्ञ मंडप के बगल में भव्य पंडाल बनाया जा रहा है, जहां सभी प्रवचन, भजन, भक्ति जागरण का आयोजन होगा। पंडाल में एक साथ लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। सामने बड़ा मंच बनाया जा रहा है। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष कुलदीप मेहता, भागवत मेहता, बालेश्वर मेहता, डेगणरायण मेहता, सचिव कैलाश मेहता, सहसचिव जागेश्वर मेहता, कोषाध्यक्ष चंद्रधारि मेहता, सह कोषाध्यक्ष राजबल्भ मेहता, फुलेश्वर मेहता, सीताराम मेहता, परमेश्वर मेहता, तालेश्वर मेहता, सुखदेव मेहता, चोहन मेहता, दिनेश मेहता, चंद्रदेव मेहता, राजेंद्र मेहता, उमेश मेहता, राजकुमार मेहता, चेतलाल महतो, नरेश मेहता, महेंद्र मेहता, मुंशी मेहता, पप्पू मेहता, सिकंदर मेहता, गोबिंद मेहता, निर्मल कुमार, दिगंबर कुमार मेहता, रंजीत मेहता, तुलसी मेहता, महेश साव, राजू मेहता, पप्पू कुमार समेत अन्य शामिल है।

### डीसी व एसपी की पहल पर तीन दिन में 331 हाइवा कोयला पहुचा पावर प्लांट टंडवा

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच ट्रांसपोर्टिंग जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** एनटीपीसी की चट्टी बारियातु कोयला खनन परियोजना के डम्प यार्ड से विगत तीन दिन के अंदर 331 हाइवा यानी लगभग 4965 टन कोयला उतरी कर्णपुरा ताप विद्युत परियोजना टंडवा पहुँच गया है। अगर कोयला ट्रांसपोर्टिंग का यही रफ्तार रहा तो सूत्र से जो जानकारी मिली है 31 मार्च के पूर्व टंडवा बिजली घर से बिजली का उत्पादन शुरू हो सकता है। जानकारी हो कि स्थानीय रैयत व विधायक के कारण चट्टीबारियातु माइंस के डम्प यार्ड में बड़े पैमाने पर कोयले का भंडारण हो गया था। एनटीपीसी के अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार गत 19 फरवरी तक यहां 2.3 लाख टन कोयले का भंडारण हो गया था और अगर ट्रांसपोर्टिंग में और देरी होता तो संभावना था इस कोयले के भंडारण में आग भी पकड़ सकता था। हालांकि जिला के डीसी नैंसी सहाय और एसपी मनोज रतन चौथे समय पर सक्रिय हुये और आंदोलनकारियों से बड़कागांव में वार्ता कर ट्रांसपोर्टिंग का रास्ता क्लियर कर गत 20 फरवरी से ट्रांसपोर्टिंग शुरू कराया है। इनके प्रयास से 20 फरवरी को 46 हाइवा, 21 फरवरी को 125 हाइवा और 22 फरवरी को शाम पांच बजे तक 160 हाइवा कोयला ट्रांसपोर्ट हो चुका था। यहां अभी भी 20 दंडाधिकारी व पुलिस बल तैनात हैं। स्थिति सामान्य होने पर सारे पुलिस बल और दण्डाधिकारियों को हटा लेने की बात कही जा रही है। ज्ञात ट्रांसपोर्टिंग की जिम्मेवारी जय अम्बे रोड लाइन को दी गयी है। इसने पिछले तीन फरवरी, 9 फरवरी और 15 फरवरी को भी ट्रांसपोर्टिंग का प्रयास किया था पर सफल नही हो पाये थे। इधर वार्ता के अनुसार जो भी सुविधा जोरदाग गांव के लोगों को दी गयी है ग्रामीणों के अनुसार पर्याप्त नही लग रहा है इस लिये ग्रामीण ट्रांसपोर्ट कम्पनी से भी अपेक्षा रखते हैं।

## अजय पाठक की नयी भक्ति गीत जल्द पहुंचेगी श्रोताओं तक



**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पुराना इचाक पंचायत के जलौंध निवासी गायक अजय पाठक ने अपने नये भक्ति गाने का शूटिंग पदमा प्रखंड के सरैया गांव स्थित अष्टभुजी मंदिर में किया। गाना का बोल, तेरा डमरू डम डम बोले रे शिव भक्ति सॉन्ग तथा जय जय माता दी, बोली पुखराज सब मिल जायी हो, आदि देवी गीत की शूटिंग किया। गायक अजय पाठक एवं रेखा पांडे के स्वर से सुसज्जित दोनों गीतों बहुत जल्द श्रोताओं को सुनने मिलेगा। यूट्यूब पर इचाक के कलाकार अजय पाठक के यूं तो 14 गाने रिलीज हो चुके हैं। वर्तमान में बाबा म्यूजिक हजारीबाग यूट्यूब चैनल पर इनके गीत को लोग सुन रहे हैं एवं पसंद कर रहे हैं। शूटिंग में कैमरामैन बबलू मोदी, कोरियोग्राफर मुकेश गोविंदा एवं अन्य कलाकारों में प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, शिक्षा कुमारी, साक्षी कुमारी, अंबर कुमार, उत्सव, सत्यम, कृष्णदेव पांडे, अजय पांडे, महेंद्र पांडे, संजीत मेहता, मनोज कुमार, जितेंद्र ठाकुर, रवि शंकर सिंह, बैजनाथ राणा आदि लोगो ने इस भक्ति गाना को बनाने में सहयोग किया।

## दामोदर महिला मंडल का 32 वां महाधिवेशन हुआ संपन्न



**पदमा(आजाद सिपाही)।** पदमा प्रखंड अंतर्गत रोमी मैदान में दामोदर महिला मंडल संघ का 32वाँ महाधिवेशन का आयोजन हुआ। महाधिवेशन दामोदर महिला मंडल की अध्यक्षा नीलम देवी व संचालन रेनू देवी ने किया। कार्यक्रम की उद्घघाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, पदमा प्रमुख वीना देवी,रोमी पंचायत के मुखिया गुड़िया मेहता विधायक प्रतिनिधि सह पदमा मुखिया अनिल मेहता, बरही सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव व महिला मंडल के दीदियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पदमा दामोदर महिला मंडल की प्रखंड अध्यक्षा नीलम देवी ने संगठन की उपलब्धियां गिनाते हुये कहा की दामोदर महिला मंडल की पदमा प्रखंड की आठ पंचायतों में 564 समूहों की निर्माण की गयी है व 34 ग्राम संगठन बनाये गये हैं महिला मंडल से 40 गांव जुड़े हुये है एवं सदस्यों की संख्या 6768 है और आज तक कुल बचत 10.82 करोड़ की है जिसमे कुल लोन 6.93 करोड लिया गया है जिसमे कुल सूद जमा 2.50 लाख की है। इस तरह से हमारी संगठन लोगों के काम आ रही है जिनको अत्यंत जरूरत है और कहीं कोई विकल्प नहीं दिख रहा है कार्यक्रम में रोमी पंचायत मुखिया गुड़िया मेहता, सरैया मुखिया शांति देवी, पिंडरकों मुखिया सुनीता देवी, बिहारी मुखिया चंचला कुमारी, कुट्टीपुसी मुखिया सविता देवी, दामोदर महिला मंडल की सचिव सुषमा देवी सदस्य रेनू देवी आशा देवी, तारा देवी,सुमित्रा देवी, गायत्री देवी, पुस्पा सिंह,पुतुल देवी सहित सैकड़ों महिला दीदियां उपस्थित थी।

## अभिभावक नियमित रूप से बच्चों को स्कूल भेजें



**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय डूंगो गैड़ा में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी सह शैक्षणिक किट का वितरण किया गया। संगोष्ठी में अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने पर विशेष बल दिया गया, साथ ही साथ बच्चों के बीच रबर, कटर, पेन, पेन्सिल, कॉपी एवं इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन ने कहा कि नियमित रूप से अगर आप अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं तो आपका बच्चा जरूर कुछ ना कुछ सीखेगा। आज सरकारी विद्यालयों में कॉपी किताब पोशाक से लेकर सभी जरुरी चीजें मुफ्त में उपलब्ध करायी जा रही है। जरुरत इस बात कि है कि गार्जियन सजग होकर बच्चों की पढ़ाइ लिखाइ में विशेष ध्यान दें। स्कूल से बच्चे जब घर लौटते हैं तो आप उन्हें पढ़ने बिठायें अगर आप के पास समय है तो साथ बैठें, एक घंटा अगर आप अपने बच्चों के साथ समय बितायेगे तो आपके बच्चे में परिवर्तन दिखेगा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विकाश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मानिलाल यादव, वार्ड सदस्य राजू शर्मा, काजल देवी, शिक्षक संजय सिंह, बबिता कुमारी, बबुनी यादव, दिलिप ठाकुर, भोला यादव, मनोज यादव, जग्गू यादव विशाल यादव, राहुल यादव, आनंदी यादव, बंशी यादव, सतीश यादव, आनंद यादव, सुशीला देवी, गिरजा देवी, सरिता देवी, देवांती देवी, ममता देवी, द्रोपती देवी, सबिता देवी समेत सैकड़ो की संख्या में अभिभावकगण उपस्थित थे।

## चाणक्य जेपी पब्लिक स्कूल में सफलता एक्सप्रेस क्लास कि होगी शुरूआत



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा दुर्गा मंदिर समीप स्थित चाणक्य जेपी पब्लिक स्कूल में सफलता एक्सप्रेस क्लास की शुरूआत होगी। इस बात की जानकारी विद्यालय निर्देशक सत्यम भारती ने दी। उन्होंने कहा कि चाणक्य जेपी पब्लिक स्कूल के माध्यम से बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस स्कूल में शिक्षा से संबंधित अन्य क्षेत्रों जैसे दंड अभ्यास, खेल कूद, कंप्यूटर, चित्रकला, खाद्य सामग्री बनाने, वाक कला, नृत्य कला, नाटक कला, नेतृत्व कला, लेखन कला में बेहतर तरीके से बच्चों को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। हम आपके बच्चें के लिए एक बेहतर शिक्षा माहौल बनाने का भरपूर प्रयास कर रहे है, ताकि आपके बच्चे को एक बेहतर और प्रतियोगी स्तर की शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े। हमे यह बताते हुये बहुत खुशी होगी की आपके प्रखंड में एक ऐसी संस्थान की शुरूवात होने जा रही है, जहां प्रतियोगी स्तर की समर्पित अंग्रेजी कक्षा, स्पोकन क्लास, नवोदय और नेतरहाट का समर्पित कक्षा की शुरूआत की जा रही है। इस कक्षा की शुरूआत 26 फरवरी समय 3:30 अपराह्न से चाणक्य जेपी पब्लिक स्कूल कैंपस में जो माई छोटा स्कूल हेड ऑफिस दिल्ली के द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस कक्षा में पहले 50 विद्याथीर्यों जो नामांकन करेंगे उन्हें मासीक शुल्क में छूट दी जायेगी।

## बिजली चोरी को लेकर मामला दर्ज

विष्णुगढ़। बिजली चोरी को लेकर 13 लोगो पर मामला दर्ज किया गया है। इस सम्बंध में विजली विभाग के कनीय अभियंता कनुराम मुर्मू ने विष्णुगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया है। कहा गया है कि विष्णुगढ़ तेली मुहल्ला के उमेश साव पिता परमेश्वर साव, नरेश ठाकुर पिता बुलाकी ठाकुर, मनोज कुमार वर्मन पिता लखन वर्मन कसेरा मुहल्ला के अलावा बारा गाव के राजू कुमार पिता मंगर महतो, सन्दीप महतो पिता झगर महतो, अर्जुन प्रसाद पिता स्व भुवनेश्वर प्रसाद, सारो देवी पति रामकिशुन प्रसाद, शोभा महतो पिता बिरजू महतो, चेतनि देवी पति राजेंद्र नायक, लक्ष्मी देवी पति धनेश्वर नायक, जितेंद्र प्रसाद पिता बालेश्वर प्रसाद, बुधु महतो पिता रीतलाल महतो अशोक प्रसाद पिता सहदेव प्रसाद बारा का नाम शामिल है। इस सम्बंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 41/23 धारा 135/137 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# प्रभारी बीडीओ ने की चेक डैम निर्माण कार्य में कम मजदूरी भुगतान की जांच



**कार्य करा रहे मुंशी को सभी मजदूरों को उचित मजदूरी दर के हिसाब मजदूरी भुगतान कराने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के गांव गाड़ा में चेक डैम निर्माण कार्य पर लगे मजदूरों को संवेदक द्वारा कम मजदूरी भुगतान की शिकायत को लेकर प्रभारी बीडीओ सह प्रशिक्षु आइएएस आशीष गंगवार ने स्थल पर जाकर जांच की। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के सुरहू पंचायत के अंतर्गत गांव गाड़ा में जिला योजना के तहत चेक डैम का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों ने कामडारा के प्रभारी बीडीओ सह प्रशिक्षु आइएएस आशीष गंगवार को आवेदन सौंपकर बताया था कि गांव गाड़ा में चेक डैम निर्माण कार्य उदय साहू नामक संवेदक के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें महिला मजदूरों को मात्र दो सौ रुपये और पुरुष मजदूरों को मात्र दो सौ पचास रुपये के दर से कम मजदूरी भुगतान किया जा रहा है। इसी शिकायत पर आज गुरुवार को श्री गंगवार ने गांव गाड़ा में जाकर कार्यस्थल पर मजदूरों से पूछताछ की तो बात सही निकली और मजदूरों से कहा कि सभी मजदूर अपना नाम, कार्य विवरणी भुगतान के साथ अपना आवेदन कार्यालय में जमा करें। वहीं मौके पर कार्य की देखरेख कर रहे मुंशी को निर्देश दिया कि सभी मजदूरों को उचित मजदूरी दर के हिसाब मजदूरी भुगतान कराया जाये। इस दौरान मुखिया सुरेंद्र तिर्की सहित अन्य प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

# प्रदेश कांग्रेस कला संस्कृति विभाग चेयरमैन ने गरीब विधवा को दी खाद्य सामग्री

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रदेश कांग्रेस कला संस्कृति एवं फिल्म विभाग चेयरमैन भानु प्रताप बड़ाईक ने सिबाटोली गांव में गरीब विधवा महिला पुष्पा देवी को खाद्य सामग्री दी। मालूम हो कि पुष्पा देवी के पति मथुरा लोहरा का एक सप्ताह पूर्व कुआं में डूबने से मौत हो गयी थी। महिला काफी गरीब है, उसे जीविकोपार्जन में परेशानी हो रही है। कांग्रेस नेता ने अन्य सरकारी लाभ भी दिलाने की बात कही। इसके साथ ही बसिया में अतिक्रमण हटाने के नाम पर सीओ द्वारा प्रधानमंत्री आवास को तोड़ने पर पीड़िता सीमा तिर्की से मिलकर उसे भी सहयोग करने की बात कही। साथ ही इस मामले को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से शिकायत करने की बात कही। इस दौरान मुंतजिर खान, प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, गौरीशंकर चौधरी, राजेश बड़ाईक, गॉडविन लकड़ा, तबरेज खान आदि शामिल थे।

# किसान उत्पादक संगठनों के गठन को लेकर जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के किसान उत्पादक संगठन (सीएसएस-एफपीओ) के गठन और संवर्धन पर केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत जिले में प्रचारित किसान उत्पादक संगठनों की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला निगरानी समिति (डी-एमसी) की बैठक उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में हुई। बैठक में उपस्थित डीडीएम नाबार्ड ने योजना के बारे में उपस्थित समिति के सदस्यों को जानकारी दी और बताया कि वर्तमान में तीन कार्यान्वयन एजेंसी नाबार्ड, एसएफएसी, एनसीडीसी- सीबीबीओ एएसएसएन, एनआरआरआई कटक/बीएयू रांची, ई सैफ, प्रदान और केवीके बिशुनपुर के माध्यम से जिले में योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। डी-एमसी द्वारा चिन्हित फसलों के लिए सीबीबीओ द्वारा एफपीओ (प्रत्येक ब्लॉक में एक) को बढ़ावा देने के लिए 11 ब्लॉकों को मंजूरी दी है। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सीबीबीओ के पास प्रत्येक ब्लॉक/एफपीओ के लिए द्वितीयक उत्पाद के रूप में अन्य उत्पाद को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने एलडीएम, गुमला द्वारा एफपीओ किसान सदस्यों की केसीसी संतृप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ढटऋए योजना के तहत लघु उद्योग को बढ़ावा देने हेतु ब्लॉक/क्लस्टर स्तर पर उत्पाद का प्राथमिक प्रसंस्करण करें। साथ ही विभिन्न विभाग योजना का अभिसरण जैसे एफपीओ के लिए विभिन्न विभाग प्रमुखों द्वारा कृषि, मत्स्य पालन, बागवानी, जल संसाधन, मृदा संरक्षण विभाग आदि की निगरानी की जाएगी। प्रत्येक सीबीबीओ को सभी तीन कृषि मौसमों के लिए अपने एफपीओ के लिए एक विस्तृत व्यवसाय योजना तैयार करनी होती है, जिसमें कृषि उत्पादों/उत्पादन के मामले में पूर्व-कटाई और कटाई के बाद के उपायों और गैर-इमारती वन उपज के मामले में संग्रह और प्रसंस्करण उपायों जैसे पहलुओं को विधिवत शामिल किया जाता है। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड, केवीके प्रतिनिधि सहित विभिन्न सीबीबीओ के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

**अभियान : बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय में चला प्रशासन का बुलडोजर**

# प्रखंड कार्यालय से लेकर मध्य विद्यालय तक हटा अतिक्रमण

**इससे पूर्व बिशुनपुर अंचल ने बुधवार शाम तक लोगों को सड़क के किनारे से अतिक्रमण हटाने का दिया था नोटिस**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव के आदेशानुसार अंचलाधिकारी धनंजय पाठक एवं थाना प्रभारी सदानंद सिंह के द्वारा गुरुवार को सड़क के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण की गयी जमीन को बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

इससे पूर्व बिशुनपुर अंचल के द्वारा लोगों को सूचित किया गया था कि बुधवार शाम तक जो भी लोग सड़क के किनारे अतिक्रमण कर दुकान चला रहे हैं वह खाली कर दें। जिसके बाद स्वतः सभी दुकानदारों के द्वारा अस्थायी रूप से बनाये गये दुकान को हटा लिया गया। कुछ जगहों पर लोग द्वारा खाली नहीं किया गया था। जिस पर प्रशासन के द्वारा बुलडोजर चलाकर प्रखंड कार्यालय बिशुनपुर से लेकर मध्य विद्यालय तक अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### बेरोजगार हुए दर्जनों लोग

सड़क के किनारे अतिक्रमण कर दुकान चला रहे व्यापारियों को हटा दिये जाने के बाद प्रखंड के लगभग पांच दर्जन दुकानदार बेरोजगार हो गये सभी लोगों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क किनारे दुकान लगाने वाले लोगों के द्वारा जिला प्रशासन से मांग की गयी है कि जिस प्रकार प्रशासन ने हम लोगों को हटाया है उसी प्रकार हमें स्थायी रूप से दुकान शेड बनाकर मुहैया कराये ताकि हम लोगों का रोजी-रोटी चलता रहे।

# भदौली पंचायत स्थायी समिति का गठन मुखिया अलवीना देवी बनीं अध्यक्ष

**भदौली पंचायत सचिवालय भवन में पंचायत स्थायी समिति का गठन को लेकर की गयी बैठक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई (आजाद सिपाही)।** भदौली पंचायत सचिवालय भवन में गुरुवार को पंचायत स्थायी समिति का गठन को लेकर बैठक की गयी।

बैठक में सर्वसम्मति से सामाजिक प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष मुखिया अलवीना देवी, सचिव संतोष भगत, सदस्य राहुल कुमार सिंह, कृष्णा कुमार साहू, गाबरियल लकड़ा, दीपांजलि सिंह, विकास समिति की अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सचिव संतोष भगत, सदस्य राहुल कुमार सिंह, बिरिया उरांव, अलवीना देवी, निर्मला कुमारी, महिला शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति की अध्यक्ष रीता देवी, सचिव संतोष भगत, राहुल कुमार सिंह, अलविना देवी, चंदिया देवी, बेबी देवी, स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरण समिति के अध्यक्ष कृष्णा कुमार साहू, सचिव संतोष भगत, राहुल कुमार सिंह, गाबरियल लकड़ा, अलवीना देवी, रीता देवी, ग्राम रक्षा दल समिति के अध्यक्ष बिरिया उरांव, सचिव संतोष भगत, अलवीना देवी, मीनाक्षी देवी, सुनीता देवी, सार्वजनिक संपदा समिति के अध्यक्ष निर्मला देवी, सचिव संतोष भगत, सदस्य अलवीना देवी, राहुल कुमार सिंह, दीपांजलि सिंह, अधोसंरचना संपत्ति समिति के अध्यक्ष मीनाक्षी देवी, सचिव संतोष भगत, सदस्य अलवीना देवी, सुमित्रा देवी, चंदिया देवी को बनाया गया।

वहीं बैठक में पंचायत के सभी वार्डों में खराब पड़े जलमीनार, चापाकल व कूप की मरम्मति की सूची तैयार की गयी।

# अंजुमन चुनाव कमेटी 2023 का हुआ गठन

**इरफान चुनाव प्रभारी एवं मुमताज उप चुनाव प्रभारी बनाये गये**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया गुमला के नाजिम ए आला अब्दुल जब्बार रजवी की अध्यक्षता में अंजुमन में शामिल आठ पंचायतों के द्वारा अंजुमन चुनाव कमेटी 2023 का गठन कर लिया गया है। इस के लिये सभी आठ पंचायत से भेजे गए दो दो सदस्यों की बैठक संपन्न की गई। चुनाव कमेटी के सोलह सदस्यों की आम सहमति से चुनाव कमेटी का प्रभारी इरफान अली व उपचुनाव प्रभारी मो. मुमताज को चुना गया। साथ ही इन दोनों पदाधिकारी को सहयोग करने के लिये कार्यालय सचिव अधिवक्ता सोएब आलम को चुना गया। आठ पंचायतों में क्रमशः पठान पंचायत से सादाब आलम एवं आमिर खान, इदरीसिया पंचायत से अधिवक्ता सोएब आलम एवं इम्तियाज आलम, कुरैशी पंचायत से रागिब कुरैशी एवं अरशद कुरैशी, अंसारी पंचायत से एखलाक अंसारी एवं कलीम अंसारी, सलमानी पंचायत से इरफान अली एवं नेयाज अली, एखलाक पंचायत से सद्दाम हुसैन एवं राजन सिद्दीकी, राय भांट पंचायत से इमरोज राय एवं रमजान राय, हमदर्द पंचायत से मो. मुमताज उर्फ गुड्डू एवं साजिद रब्बानी का नाम अंजुमन के नाजिम ए आला के समक्ष भेजा गया था। शुक्रवार से अंजुमन चुनाव कार्यालय, अंजुमन हॉस्पिटल भवन के ऊपरी तल्ला में चुनाव कमेटी के द्वारा संचालित किया जाएगा। यह जानकारी अंजुमन इस्लामिया गुमला के कार्यवाहक सचिव खुर्शीद आलम ने दी।

# बाइक व स्कॉर्पियो की भिड़ंत में पिता-पुत्र की मौत चार वर्षीय मासूम गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप हुई बाइक व स्कॉर्पियो की सीधी टक्कर में पिता और पुत्र की मौत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार पिता 60 वर्षीय भिखरा उरांव और पुत्र 26 वर्षीय अनुज उरांव की मौत हो जाने की पुष्टी हुई है। वहीं पोता चार वर्षीय आयुष उरांव की हालत गंभीर है। लोग बताते हैं कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक कई टुकड़ों में तब्दील हो गयी। वहीं स्कार्पियो चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर ही अनुज उरांव की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दादा और पोता को गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया। जहां भीखाराम उरांव का इलाज के दौरान दम टूटा। वहीं मासूम आयुष उरांव की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि आंजन गांव से बाइक में सवार होकर तीन लोग अपनी बुआ के शादी समारोह के चुमावन में भाग लेने के लिए कोटाम की ओर जा रहे थे। कुछ जरूरी काम से वे गुमला आये थे। उसी दौरान पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसके बाद इतना बड़ा हादसा पेश आया। घटना के बाद शादी की खुशी का माहौल मातम में बदल गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। एक ही झटके में एक परिवार की दो पीढियां काल के गाल में समा गयीं।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

# कस्तूरबा विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक में की गयी स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम की चर्चा



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय बाघिमा में झारखंड काउंसिल फॉर एडुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (जेसीईआरटी) एवं झारखंड शिक्षा परियोजना की अगुवाई एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से अभिभावक सह शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर वार्डेन पूनम कुमारी व शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुमित्रा मिंज के द्वारा बाल यौन शोषण संरक्षण अधिनियम, शत प्रतिशत उपस्थिति, ड्राप आउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय में नामांकन कराना, ससमय पाठयक्रम को पूर्ण करना, व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों की जानकारी, छात्रों का मूल्यांकन एवं अधिगम स्तर की जानकारी, अभिभावक शिक्षक सहयोग एवं विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत की जा रही विभिन्न गतिविधि बाल विवाह उन्मूलन, हिंसा, लिंग समानता, नशा पान इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्डेन पूनम कुमारी, लेखापाल प्रिंस कुमार, पूर्व अध्यक्ष कृष्णा प्रधान, शिक्षक विनय उरांव, हरखनाथ साहू, सरोजनी टोपनो, सी3 इंडिया की संगीता, पूनम कुमारी, ननकु, विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावकों का महत्पूर्ण योगदान रहा।

# पालकोट थाना प्रभारी ने वाहन जांच अभियान चलाया, कई मुखियाओं के वाहन किये जब्त



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत थाना प्रभारी अनिल लिंडा के निर्देश पर सड़क सुरक्षा के दृटिकोण से एसआई प्रदीप कुमार ने थाना के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। सभी दोपहिया वाहन के कागजात व हेलमेट चेक किया जा रहा है। इस दौरान कई वाहनों को जब्त किया गया। वहीं जो लोग हेलमेट पहन कर चल रहे हैं उन लोगों को नहीं रोका जा रहा था। बताते चलें कि इस जांच अभियान में हमारे कई पंचायत के मुखियाओं का दो पहिया वाहन जब्त कर लिया गया है। हालांकि उन लोगों को छोड़ने की बात कही गई है।

# कुआं में डूबने से ग्रामीण की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कोडेकेरा गांव निवासी संजय गोप (45) की कुंआ में डुबने से मृत्यु हो गई। इस बाबत गुरुवार को मोहन गोप ने अपने भतीजे संजय गोप की कुएं में डुबने से हुई मृत्यु को लेकर सिसई थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि बीते बुधवार को संजय 8 बजे के करीब खाना खाकर घर से निकला था और वापस घर नहीं लौटा। बुधवार को काफी खोजबीन करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। गुरुवार सुबह 6 बजे के करीब संजय के परिजन कटहल टांड़ स्थित अपने खेत के पास आये तो देखा कि संजय का एक चप्पल कुएं के पास पड़ा हुआ है और कुएं में संजय का शव है। जिसकी सूचना परिवार वालों व ग्रामीणों को दी। शव को कुएं से निकाला गया और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

# देसी कट्टा व कारतूस के साथ एक गिफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चाहा बरहाटोली अखाड़ा के पास से एक युवक टोहन उरांव को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रेस कांफ्रेंस कर पुलिस ने बताया कि 23 फरवरी की सुबह 5.00 बजे गुप्त सूचना मिली कि गुमला शहर से सटे चाहा बरहाटोली के अखाड़ा के पास एक व्यक्ति अपने पास छोटा हथियार लिए हुए है तथा किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। वरीय पदाधिकारी को उक्त सूचना देते हुए एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अखाड़ा के पास पहुंचा तो वहां एक युवक मिला। पूछने पर उसने अपना नाम टोहन उरांव, पिता बरजू उरांव, पता ग्राम फोरी, थाना गुमला का निवासी बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिन्दा गोली बरामद किया गया। उसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया। छापामारी दल में गुमला थाना के महेन्द्र पासवान, थाना के सशस्त्र बल के सदस्य शामिल थे।

**बैठक : उपायुक्त ने वनाधिकार अधिनियम एवं जिला पर्यावरण समिति के कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश**

# सामुदायिक दावा पत्रों के प्राप्त आवेदन पर फॉरेस्ट राइट एक्ट के आधार पर निर्णय लें

**कहा- वन अंतर्गत बने छोटे-छोटे तालाबों में मत्स्य पालन के लिए समितियों को आवेदन समर्पित करना अनिवार्य होगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में वन विभाग अंतर्गत वनाधिकार अधिनियम एवं जिला पर्यावरण समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।

बैठक में वनाधिकार अधिनियम 2006 संशोधित नियम 2012 के तहत स्वीकृति हेतु प्राप्त सामुदायिक दावा पत्रों की भी समीक्षा की, जिसमें बरटोली ग्राम निवासियों द्वारा आवेदन प्राप्त है। जिसपर उपायुक्त ने एसडीओ स्तर पर दिए गए अभ्युक्ति से मिलान करते हुए फॉरेस्ट राइट एक्ट के आधार पर निर्णय लेने की बात कही। इसके साथ ही वन अंतर्गत बने छोटे-छोटे तालाबों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग को वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए मत्स्य पालकों को मछली पालन हेतु प्रेरित करने साथ ही इच्छुक मत्स्य पालक समिति जो वन के अंदर बने तालाबों में मछली पालन करना चाहते हैं उन समितियों को आवेदन समर्पित करना अनिवार्य होगा, जिसके पश्चात वे वन अंतर्गत मछली पालन कर सकते हैं। इसके साथ ही जिला परिषद द्वारा आंजन धाम में किये जा रहे निर्माण कार्यों को एनआरइपी अथवा बिल्डिंग डिवीजन द्वारा कराने का निर्देश दिया। वहीं जिला परिषद द्वारा चैनपुर में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण करने हेतु वन विभाग से एनओसी की मांग की थी, जिसके लिए उपायुक्त ने वन प्रमंडल अधिकारी से मिलने को कहा। स्पेशल डिवीजन द्वारा पालकोट के गोबर सिल्ली में निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत उपायुक्त ने वहां बैठने हेतु व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं ऋषि मुख पर्वत में सीढ़ी बनाने का कार्य करने हेतु उपायुक्त ने टूरिस्ट विभाग से समन्वय स्थापित करने की बात कही। इसके साथ ही उपायुक्त ने बारिश आने से पूर्व सभी बड़े-बड़े वृक्षों की टहनियों की कटाई-छंटाई करने का भी निर्देश दिया ताकि बारिश के कारण बिजली आपूर्ति में बाधा न आये। इसके साथ ही उपायुक्त ने अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक इंदु गुप्ता, अपर समाहर्ता, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# झारखंड सरकार के पक्षपातपूर्ण निर्णय से बीआरपी-सीआरपी में निराशा अब हताशा में परिणत हो गयी है : कृष्णा प्रसाद

**महंगाई के दौर में बीआरपी सीआरपी लगातार अपनी मेहनत और लगन से विभाग के निर्देशों का पालन कर रहे हैं, लेकिन पिछले चार वर्षों में मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की गई।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत सेवा दे रहे पारा शिक्षकों और परियोजना कर्मियों की तरह सीआरपी बीआरपी स्कूली छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए काम कर रहे हैं। बीआरपी सीआरपी संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने बताया कि एक ओर परियोजना कर्मियों के मानदेय में हमेशा बढ़ोतरी हो रही है। पारा शिक्षकों को सहायक अध्यापक बनाकर बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है। लेकिन सीआरपी बीआरपी के मानदेय में पिछले 4 सालों में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पक्षपातपूर्ण निर्णय से झारखंड में कार्यरत बीआरपी सीआरपी में निराशा अब हताशा में परिणत हो गई है। वर्ष 2019 के बाद से मानदेय में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है जबकि राज्य में कार्यरत 2900 बीआरपी सीआरपी अपनी मांगे सरकार के समक्ष रखते आये हैं। संघ के महासचिव नितिन कुमार ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मियों के मानदेय में 30 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव कैबिनेट से पास कर दिया गया लेकिन बीआरपी सीआरपी की चर्चा तक नहीं की गई। वहीं धरातल पर विद्यालयों से जुड़कर सीधे ईमानदारी पूर्वक कई तरह के कार्य करने वाले सीआरपी बीआरपी में सरकार की उदासीनता के कारण उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। बीआरपी सीआरपी को हेमंत सरकार पर बहुत भरोसा था लेकिन यह भरोसा अब हताशा में बदलने लगी है। विदित हो कि बीआरपी सीआरपी के सेवा शर्त नियमावली सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। कमिटी ने नवंबर 2022 में ही विभाग को अपना निर्णय और रिपोर्ट दे दी थी लेकिन उक्त निर्णय को अब तक कैबिनेट के द्वारा पारित नहीं कराया जा सका। उल्लेखनीय है कि सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) सहित विद्यालय का अनुश्रवण करने वाले बीआरपी सीआरपी को अधिकतम 17500 एवं 16500 मानदेय दिया जा रहा है वहीं सहायक अध्यापकों का मानदेय जनवरी 2022 से ही 22500 कर दिया गया। चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि भी लागू कर दी गई। लेकिन बीआरपी सीआरपी के संदर्भ में कोई विचार नहीं किया गया।

कृष्णा प्रसाद ने कहा कि महंगाई के दौर में बीआरपी सीआरपी लगातार अपनी मेहनत और लगन से विभाग के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। इसके बावजूद उपेक्षापूर्ण नीति के कारण बीआरपी सीआरपी का मनोबल टूटने लगा है।

